बिहार में 'गैर-आवासीय खेल प्रशिक्षण योजना' की शुरुआत

चर्चा में क्यों?

17 अक्तूबर, 2023 को बिहार के कला संस्कृति मंत्री जितेंद्र कुमार राय ने खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिये 'गैर-आवासीय खेल प्रशिक्षण योजना' की शुरुआत की है।

प्रमुख बिंदु

- कला संस्कृति मंत्री ने बताया कि इस योजना में आठ से 14 वर्ष तक के प्रशिक्षु खिलाड़ियों को खेल विद्या में प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- इस योजना की सहायता से बिहार के खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जाएगी।
- गैर-आवासीय खेल प्रशिक्षण योजना में निबंधित खिलाड़ी खेल प्रशिक्षण के निर्धारित समय पर प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।
- प्रत्येक ज़िले में इस योजना का संचालन होगा। पंचायतों, प्रखंड, ज़िलों के मुख्य आउटडोर स्टेडियम, ज़िला खेल भवन, खेल मैदान व स्कूलों में इस योजना का संचालन होगा। प्रत्येक कार्य दिवस को चार घंटे की प्रशिक्षण अवधि रहेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/non-residential-sports-training-scheme-launched-in-bihar